दिन– मंगलवार दिनांक– 01/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति लगातार गम्भीर बनी हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोलह जिलों के पचपन प्रखंडों की दो सौ उनहत्तर पंचायतों की लगभग दस लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है। राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की पन्द्रह–पन्द्रह टीमों को तैनात किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से एक सौ सत्ताईस सामुदायिक रसोई घर संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा इकहत्तर राहत शिविर का संचालन किया जा रहा है, जहां लगभग पचपन हजार लोग रह रहे हैं। आपदा प्रभावित लोगों के बीच अब तक छब्बीस हजार से अधिक सूखे राशन के पैकेट वितरित किये जा चुके हैं। वहीं, लगभग इकतीस हजार पॉलिथीन शीट का भी वितरण किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आठ बोट एम्बुलेंस का परिचालन कर लोगों तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। पशुओं के लिए भी पशु चारे और दवा की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। श्री कुमार ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान तेज करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बाढ़ में हुई क्षति का जल्द से जल्द आकलन करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। इधर, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज सहरसा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। वहीं, पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने दरभंगा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री वितरित की।

---

प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। खगड़िया में सबसे अधिक तीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले एक सप्ताह तक राज्य में कहीं भी भारी बारिश की सम्भावना नहीं है। कुछ जगहों पर छिटपुट बारिश हो सकती है।

---

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश रूद्र प्रकाश मिश्र को पदभार ग्रहण करने की तिथि से वेतन और बकाये राशि के भुगतान का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने न्यायामूर्ति रूद्र प्रकाश मिश्र की याचिका पर सुनवाई करते हुये अंतरिम आदेश दिया।

————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में आज से यातायात से जुड़ी सीधी जानकारी के लिए मैप माई इंडिया ऐप की सुविधा शुरू हो गयी है। बिहार यातायात पुलिस के एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि बिहार देश का चौथा राज्य है, जहां यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के जरिए ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं की जानकारी निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अलावा ऐप पर तस्वीर के माध्यम से जाम से संबंधित जानकारी उपलब्ध होगी। ऐप के लिए जिला स्तर पर वाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है।

————————————————————————

भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंगी मैदान में बम विस्फोट की घटना में सात बच्चे घायल हो गये। इनमें से तीन बच्चों को बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिटी एसपी राम दास ने बताया कि मैदान में बम रखा हुआ था। बच्चों के खेलने के दौरान इसमें विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने औरंगाबाद के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार पोरिका को अवैध बालू खनन और परिवहन से जुड़े मामले में दोष मुक्त करार दिया है। श्री पोरिका पर चलाये जा रहे विभागीय कार्रवाई को भी समाप्त कर दिया गया है। गृह विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी किया है।

————————————————————————

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग पर मरम्मती कार्य के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस समेत अन्य आपातकालीन वाहनों का परिचालन जारी रहेगा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।